# नर्मदा जल से भोलेनाथ का महाअभिषेक

## आखिरी श्रावण सोमवार : लालघाटी गुफा मंदिर, भोजपुर सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया शिव का पूजन



गुफा मंदिर, लालघाटी



निज संवाददाता

**भोपाल, 24 अगस्त. श्रावण के आखिरी सोमवार पर सोमवार को शहर के प्रमुख शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ रही. मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और जलाभिषेक के साथ कई धार्मिक आयोजन हुए.**

कांवड़ियों द्वारा नर्मदापुरम से लाए गए पवित्र नर्मदा जल से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया. श्रीबड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर और माता गोरा का नौका विहार कराया गया, वहीं छोला स्थित मुक्तेश्वर महाकाल मंदिर में कुबेर के गजराज पर सवार होकर श्रद्धालुओं के बीच खजाना लुटाने की परंपरा निभाई गई. दादाजी धाम में सामूहिक रुद्राभिषेक हुआ. लालघाटी स्थित गुफा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान का जल, दूध, दही से अभिषेक कर पूजा अर्चन किया. यहां तड़के चार बजे से ही पूजन-अर्चन के लिए श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था, जो देर रात जारी रहा.

### गजराज पर सवार होकर कुबेर ने लुटाया खजाना

मुक्तेश्वर मंदिर में सुबह 4 बजे भस्म आरती हुई. शाम को महाकाल की शोभायात्रा छोला विश्राम घाट से शुरू हुई और गणेश मंदिर होते हुए वापस श्मशान पहुंची. आयोजन में भगवान कुबेर का विशेष स्वरूप श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा. कुबेर गजराज पर सवार होकर श्रद्धालुओं के बीच पहुंचे और खजाना लुटाने की परंपरा निभाई. उधर भोजपुर के शिव मंदिर में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और भगवान का पूजन किया.



### बाबा बटेश्वर ने माता गौरा संग किया नौका विहार

श्रीबड़वाले महादेव मंदिर में बाबा बटेश्वर का विशेष श्रृंगार किया गया. मंदिर को बगीचे का रूप दिया गया, गर्भगृह को नील सरोवर की तरह सजाया गया. माता गौरा और बाबा बटेश्वर को नाव में विराजमान कर नौका विहार कराया गया. सुबह रुद्राभिषेक, नर्मदा जल से जलाभिषेक हुआ. रात 9 बजे महाआरती की गई.

### दादाजी धाम में हुआ सामूहिक रुद्राभिषेक

रायसेन रोड स्थित दादाजी धाम मंदिर में शाम 5 बजे सामूहिक रुद्राभिषेक हुआ. मंदिर ट्रस्ट के अनुसार पंडित राजेंद्र पलिया के मार्गदर्शन में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने रुद्राभिषेक में हिस्सा लिया.





# अब एम्स भोपाल में होगा निसंतानता का इलाज

नवभारत प्रतिनिधि

**भोपाल, 24 अगस्त. निसंतानता की समस्या से जूझ रहे दंपतियों के लिए एम्स भोपाल से राहत भरी खबर है. संस्थान में अब पति और पत्नी दोनों में संतान प्राप्ति से जुड़ी समस्याओं का मूल्यांकन, परामर्श और इलाज एक ही छत के नीचे एक साथ उपलब्ध कराया जाएगा.**

सोमवार को एम्स के प्रसूति और स्त्री रोग विभाग में नवनिर्मित आईवीएफ और फर्टिलिटी सेंटर का शुभारंभ सोमवार को कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. नरेन्द्र कोतवाल द्वारा किया गया. सेंटर में असिस्टेड रिप्रोडक्टिव टेक्नोलॉजी के तहत विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं और उन्नत तकनीकें उपलब्ध कराई जा रही हैं. जिसमें अंडोत्सर्जन निगरानी और परामर्श में अल्ट्रासाउंड और हार्मोनल जांच के माध्यम से अंडाणु बनने की प्रक्रिया पर नजर रखी जाएगी. जिसके बाद आवश्यकतानुसार दवाएं देकर सही समय पर गर्भधारण का प्रयास कराया जाएगा. इस प्रक्रिया में आईयूआई शुरुआती समस्याओं में पुरुषों के शुक्राणुओं को सीधे महिला के गर्भाशय में पहुंचाया जाता है. जिसके बाद आईवीएफ और आईसीएसआई अधिक जटिल मामलों में लैब के अंदर अंडाणु और शुक्राणु को मिलाकर भ्रूण तैयार किया जाता है. गंभीर पुरुष निसंतानता में शुक्राणु को सीधे अंडाणु में इंजेक्ट किया जाता है.

सेंटर में भविष्य में इस्तेमाल के लिए भ्रूण, अंडाणु और शुक्राणु को सुरक्षित (क्रायोप्रिजर्वेशन) रखने की भी सुविधा भी मिलेगी.

### प्राइवेट की तुलना में नाममात्र का खर्च

निजी अस्पतालों में आईवीएफ और फर्टिलिटी उपचार पर लाखों रुपये का खर्च आता है, लेकिन एम्स भोपाल में इस सुविधा के शुरू होने से मरीजों को बेहद किफायती दरों पर पूरी तरह से नैतिक, पारदर्शी और मरीज-केंद्रित इलाज मिलेगा. संस्थान प्रबंधन के अनुसार सभी प्रक्रियाएं सरकार के कानूनी नियमों के अनुसार और गोपनीयता के साथ की जायेंगी.


### नगर में आज

**शलाका चित्रकला प्रदर्शनी**
**समय** – 11 बजे से, **स्थान** – जनजातीय संग्रहालय

**माह का प्रादर्श**
**समय** – 10 :00 बजे से, **स्थान** – मानव संग्रहालय

### एक नजर में

### समता बिना साधना अधूरी : आचार्यश्री



**भोपाल,24 अगस्त.** विद्योदय तीर्थ एमपी नगर में चल रहे चातुर्मास में सोमवार को आयोजित समयसार और रत्नकरणडक श्रावकाचार की कक्षाओं में आचार्यश्री ने आत्मकल्याण के लिए समता, सही श्रद्धा और सम्यक दर्शन को जरूरी बताया. उन्होंने कहा कि केवल धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन करने से साधना पूरी नहीं होती, बल्कि उसके अनुसार जीवन में बदलाव लाना भी जरूरी है. समयसार की कक्षा में आचार्यश्री ने कहा कि साधक का लक्ष्य बाहरी सुख या स्वर्ग प्राप्ति तक सीमित नहीं होना चाहिए.



### सेवानिवृत्त कर्मियों को बीएचईएल ने दी विदाई

**भोपाल, 24 अगस्त.** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल), भोपाल में प्रशासनिक भवन में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के सम्मान में विदाई समारोह आयोजित किया गया. इस अवसर पर महाप्रबंधक (फीडर्स एंड टीसीबी-मैन्युफैक्चरिंग, कमर्शियल एवं मेंटेनेंस) रूपेश तैलंग ने सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भावभीनी विदाई दी. समारोह में डॉ. पॉमिला सचदेव, सीएमएस एवं हेड-मेडिकल, राजुल अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (टीआरएक्स), हरिशंकर राठौर, अधिकारी (एफडीएक्स) सहित 13 सुपरवाइजरों को विदाई दी गई. अपने संबोधन में रूपेश तैलंग ने सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को जीवन की नई पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ रहने और सेवानिवृत्ति जीवन का भरपूर आनंद लेने की कामना की. समारोह में महाप्रबंधक (मानव संसाधन) हेमराम पटेल भी उपस्थित रहे.



### राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम पर कार्यशाला

**भोपाल, 24 अगस्त.** मध्यप्रदेश भोज विश्वविद्यालय में एमए राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम निर्माण को लेकर दो दिवसीय कार्यशाला सोमवार से शुरू हुई. मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशन में आयोजित कार्यशाला में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रावधानों के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार करने और भारतीय ज्ञान परंपरा को इसमें शामिल करने पर जोर दिया गया. कार्यशाला के मुख्य अतिथि हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संयुक्त संचालक प्रो. उत्तम सिंह चौहान ने कहा कि राजनीति विज्ञान के पाठ्यक्रम में वेद, वेदांग, उपनिषद, पुराण, शास्त्र और काव्य में उपलब्ध राजनीतिक संदर्भों को शामिल किया जाना चाहिए.

### आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ ने किया

# बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च

**भोपाल, 24 अगस्त. कंपनी ने आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है. यह 'वैल्यू और मोमेंटम' (मूल्य और रुझान) पर आधारित निवेश विकल्प है, जो ग्राहकों को चुनिंदा यूनिट-लिंक्ड इंश्योरेंस प्लान (यूलिप) के ज़रिए दीर्घकालिक स्तर पर इक्विटी में निवेश के अवसर का लाभ उठाने का अवसर प्रदान करता है.**

ICICI PRUDENTIAL LIFE INSURANCE Ke Saath Zimmedari Lagey Pyaari

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी, मनीष कुमार ने लॉन्च पर कहा, 'बीएसई 500 मोमेंटम वैल्यू 50 इंडेक्स फंड को ग्राहकों को एक पारदर्शी निवेश रणनीति प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है, जो निवेश के दो महत्वपूर्ण कारकों- वैल्यू और मोमेंटम को जोड़ता है. ऐसे में, जहां आकर्षक मूल्यांकन से बेहतर मूल्य पर खरीद का भरोसा मिल सकता है, वहीं सकारात्मक रुझान से बाज़ार का बढ़ता भरोसा ज़ाहिर हो सकता है.

# मिलाद-उन-नबी पर बोहरा समाज ने निकाला जुलूस

▸ पैगाम-ए-अम्न के साथ दिया शांति का संदेश

निज संवाददाता

**भोपाल, 24 अगस्त. मिलाद उन नबी के मौके पर भोपाल में दाऊदी बोहरा समाज द्वारा भव्य जुलूस निकाला गया. सैयद कॉलोनी स्थित बुरहानी मस्जिद से शुरू हुआ जुलूस हारा मज़ार होते हुए बुरहानी मरकज, करोद पहुंचकर समाप्त हुआ. जुलूस में शहर के अलग-अलग इलाकों से समाज के लोग शामिल हुए. पारंपरिक कम्युनिटी बैंड और स्कूल के छात्र भी जुलूस का हिस्सा रहे.**



जुलूस के दौरान छात्रों ने देशभक्ति, साफ-सफाई, पानी और भोजन की बर्बादी रोकने के साथ शांति और भाईचारे का संदेश दिया. कम्युनिटी के वॉलंटियर्स ने जुलूस के दौरान व्यवस्था संभालने के साथ स्थानीय लोगों को होने वाली परेशानी कम करने में मदद की.

मिलाद उन नबी के मौके पर भोपाल सहित देश और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में दाऊदी बोहरा समाज के लोग मस्जिदों और कम्युनिटी सेंटर में 52वें धर्मगुरु मरहूम सैयदना मोहम्मद बुरहानुद्दीन का रिकॉर्ड किया हुआ उपदेश सुनने के लिए जुटे. उपदेश में पैगंबर मोहम्मद की जिंदगी और उनकी शिक्षाओं का जिक्र करते हुए अपनी विरासत और पहचान से जुड़े रहने के साथ शिक्षा के महत्व पर जोर दिया गया. रोजाना नमाज और कुरान पढ़ने के जरिए चरित्र निर्माण का संदेश भी दिया गया. समाज के सदस्य इब्राहिम अली दाउदी ने कहा कि पैगंबर मोहम्मद की जिंदगी और शिक्षाएं दया, न्याय और इंसानियत का रास्ता दिखाती हैं.उन्होंने कहा कि इन शिक्षाओं को रोजमर्रा की जिंदगी में अपनाकर समाज और देश के लिए अच्छे नागरिक बनने की कोशिश करनी चाहिए. जुलूस के दौरान समाज के युवाओं ने सफाई की जिम्मेदारी भी संभाली. पूरे रास्ते में कचरा इकट्ठा करने के लिए बैग की व्यवस्था की गई. जुलूस के बाद युवाओं ने रास्ते में पड़ा कचरा भी एकत्र किया.

# पुरुलिया छऊ से देवी दुर्गा का स्वरूप साकार

### समूह ने मुखौटों के साथ दी मनमोहक प्रस्तुति



**भोपाल, 24 अगस्त.** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के इंडोर स्टेडियम में बंगाल के प्रसिद्ध पुरुलिया छऊ नृत्य का भव्य मंचन किया गया.विश्वविद्यालय के स्पिक मैके और हेरिटेज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में तारापद रजक एवं समूह ने विशालकाय मुखौटों के साथ मनमोहक प्रस्तुति दी. कलाकारों ने नृत्य के माध्यम से देवी दुर्गा के स्वरूप और भारतीय पौराणिक संस्कृति को जीवंत कर दिया. कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर आलोक शर्मा सहित प्राध्यापक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे.कुलगुरु प्रो. शर्मा ने कहा कि शिक्षणेत्तर गतिविधियां विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं. कार्यक्रम संयोजक डॉ. नोईन खलीक ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा के साथ भारतीय सांस्कृतिक परंपराओं से जोड़ने में सहायक हैं.



### तुलसी नगर में मनाया हरियाली महोत्सव

**भोपाल, 24 अगस्त.** अटल सिद्धेश्वरी जनकल्याण समिति तुलसी नगर द्वारा हरियाली महोत्सव मनाया गया. इस अवसर पर शिव पार्वती के रूप में महिलाओं ने झूला झूला.

### चिकित्सा विज्ञान ▸ एल.एन. मेडिकल कॉलेज में एडवांस्ड एंडोस्कोपिक स्पाइन कैडेवरिक वर्कशॉप

# 50 सर्जनों को एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी की ट्रेनिंग

नवभारत न्यूज

**भोपाल, 24 अगस्त. एल.एन. मेडिकल कॉलेज एवं जे.के. हॉस्पिटल, भोपाल में एडवांस्ड एंडोस्कोपिक स्पाइन कैडेवरिक वर्कशॉप का आयोजन किया गया. इसमें देशभर से आए 50 सर्जनों ने अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में आधुनिक एंडोस्कोपिक स्पाइन सर्जरी का गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया.**



भोपाल स्पाइन रिसर्च सोसाइटी (बीएसआरएस) और एसोसिएशन ऑफ स्पाइन सर्जन्स ऑफ इंडिया (एएसएसआई) के सहयोग से आयोजित कार्यशाला इंस्ट्रक्शनल कोर्स इन स्पाइन (आईसीएस 2026) के तहत हुई. एनाटॉमी विभाग की स्किल लैब में छह कैडेवरिक स्टेशनों पर हैंड्स-ऑन प्रशिक्षण दिया गया.

प्रशिक्षण का मुख्य फोकस यूनिलेटरल बायपोर्टल एंडोस्कोपी (यूबीई) और इंटरलैमिनर एंडोस्कोपी तकनीकों पर रहा. प्रतिभागियों ने एंडोस्कोपिक सर्जिकल एनाटॉमी, पोर्टल प्लेसमेंट, सर्जिकल एप्रोच और डिकम्प्रेशन तकनीकों का विशेषज्ञों की निगरानी में अभ्यास किया.

दक्षिण कोरिया, श्रीलंका और नेपाल से आए अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञों के साथ देश के प्रमुख स्पाइन सर्जनों ने तकनीकी बारीकियां साझा कीं. ऑर्थोपेडिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. बी.के. जैन ने कहा कि आधुनिक मिनिमली इनवेसिव तकनीकों को क्लिनिकल प्रैक्टिस में अपनाने से पहले कैडेवर आधारित प्रशिक्षण और विशेषज्ञ मार्गदर्शन बेहद जरूरी है.

# अभिनव-उदित की जोड़ी ने जीता एलीट पैडल खिताब

खेल प्रतिनिधि

**भोपाल,24 अगस्त. अभिनव और उदित की जोड़ी ने एलीट पैडल सीरीज वॉल्यूम-2 का पुरुष डबल्स खिताब जीत लिया. भोपाल में 21 से 23 अगस्त तक चली प्रतियोगिता के फाइनल में उन्होंने चिराग-अंगद की जोड़ी को तीन सेटों के मुकाबले में हराया.**



दोनों टीमों ने एक-एक सेट जीतकर मुकाबले को फाइनल तक पहुंचाया, जहां अभिनव और उदित ने बढ़त बनाए रखते हुए खिताब अपने नाम किया. मिक्स्ड डबल्स वर्ग में आश्मान सिंह और रिद्धि विजेता रहे. इस वर्ग में चार टीमों ने हिस्सा लिया. पुरुष डबल्स और मिक्स्ड डबल्स के मुकाबले तीन दिनों तक खेले गए. प्रतियोगिता में कुल 32 टीमों ने भाग लिया. इसमें मिक्स्ड डबल्स की चार जोड़ियां शामिल थीं. फाइनल में दोनों जोड़ियों के एक-एक सेट जीतने से मुकाबला तीसरे सेट तक गया.